

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

A Result Oriented Institute

Since 2011

# 15 May 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 15 मई का इतिहास

- **1993 :** संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।
- **1918 :** अमेरिका में पहली हवाई डाक सेवा की शुरूआत हुई।
- **1925 :** पहला अरेबिक कम्यूनिस्ट न्यूजपेपर शुरू किया गया।
- **1995 :** एलीसन गारग्रीब्स बिना ऑक्सीजन सिलीडंर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली पहली महिला बनीं।
- **2010 :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत का निधन हुआ।

## 15 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 16 मई को महाराष्ट्र के महाबलेश्वर का मांघर गांव पहला शहद का गांव बन जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग हनी बी परियोजना के हिस्से के रूप में शहद का गांव योजना को लागू करेगा। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगा। मांघर गांव के 100 परिवारो में से 80 परिवार मधुमक्खी पालन के व्यवसाय में लगे हैं। इस योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले शहद का उत्पादन करना और मधुमक्खियों के लिए एक अस्पताल और प्रयोगशाला स्थापित करना है। शहद का गांव जंगल और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों को स्थायी रोजगार देगा।
- भारत के उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली में पूर्व आईपीएस अधिकारी, प्रकाश सिंह द्वारा लिखित द स्ट्रगल फॉर पुलिस रिफॉर्म्स इन इंडिया: रूलर पुलिस टू पीपल्स पुलिस नामक एक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक रूपा पब्लिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की गई है। यह पुस्तक भारत में पुलिस सुधार लाने के लिए किए गए प्रयासों का दस्तावेजीकरण करती है।
- विश्व आर्थिक मंच सरकार के अनुसंधान संस्थान नीति आयोग के सहयोग से किसानों विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की सहायता के लिए कृत्रिम बुद्धिमता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को बेहतर ढंग से नियोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- दक्षिण कोरिया, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के कोऑपरेटिव साइबर डिफेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शामिल होने वाला पहला एशियाई देश बन गया है। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा नाटो के कोऑपरेटिव साइबर डिफेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक योगदानकर्ता के रूप में शामिल हुई है। साइबर सिक्योरिटी रिसर्च, ट्रेनिंग को ध्यान में रखते हुए इसकी स्थापना मई 2008 में हुई थी। अब नाटो CCDCOE में कुल आधिकारिक सदस्यों के रूप में 32 देश शामिल हैं, जिसमें 27 नाटो सदस्य देश और 5 गैर-नाटों राज्य शामिल हैं, जो योगदानकर्ता के रूप में हैं। दक्षिण कोरिया CCDCOE में शामिल होने से उत्तर कोरिया के कारण साइबर सुरक्षा खतरे की धारणा का मुकाबला करने में मदद करेगा।
- राजीव कुमार 15 मई 2022 से भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के पद का कार्यभार संभालेंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में राजीव कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। राजीव कुमार वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त हैं। वह सीईसी सुशील चंद्रा की जगह लेंगे जो 14 मई 2022 को कार्यालय छोड़ चुके। सुशील चंद्रा भारत के 24 वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।
- बायो-गैस से चलने वाला भारत के पहले ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन मुंबई, महाराष्ट्र में किया गया। इस स्टेशन से अपने आस-पास के क्षेत्रों से एकत्र किए गए खाद्य अपशिष्ट से 220 यूनिट बिजली उत्पन्न करने की उम्मीद की जाएगी। अपशिष्ट ज्यादातर थोक मात्रा में उत्पन्नकर्ता जैसे होटल और कार्यालयों से इकट्ठे किये जायेंगे। इस ऊर्जा संयंत्र का उपयोग स्ट्रीट लाइटों को बिजली देने और इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए भी किया जाएगा। इसका उद्घाटन महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्री आदित्य उद्धव ठाकरे ने किया।
- उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली में मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक विशिष्ट विचार प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं, अग्रणी, सक्रिय दृष्टिकोण और सर्वोत्कृष्ट, परिवर्तनकारी नेतृत्व शैली को प्रस्तुत करती है जिससे नरेंद्रभाई मोदी की इतनी निकटता से पहचान की गई है।
- केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, असम और केरल सहित 14 राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान के रूप में 7,183.42 करोड़ रूपये जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने ये राशि जारी की।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनकी अथक साहित्यिक खोज के लिए बांग्ला अकादमी पुरस्कार मिला। इस वर्ष साहित्य अकादमी द्वारा शुरू किया गया यह पुरस्कार बनर्जी को उनकी पुस्तक कबीता बितान के लिए प्रदान किया गया, जो पश्चिम बंगाल के सर्वश्रेष्ठ लेखकों को श्रद्धांजलि देती है। साल 2020 के कोलकाता पुस्तक मेले में ममता बनर्जी की कबीता बितान किताब को लॉन्च किया गया। पुस्तक में टीएमसी सुप्रीमों द्वारा लिखित 946 कविताओं का संग्रह है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस (International Day of Families) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 मई (B) 16 मई
(C) 18 मईक (D) 20 मई

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस प्रत्येक वर्ष 15 मई को मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच पारिवारिक संबंधों के महत्व को उजागर करना है। परिवार समाज के निर्माण की मूलभूत इकाई है और यह एक व्यक्ति के जीवन में सर्वाधिक महत्व रखता है।




**2. महाराष्ट्र के महाबलेश्वर का मांघर गांव पहला शहद का गांव कब बनेगा ?**

(A) 15 मई (B) 16 मई
(C) 17 मई (D) 18 मई

**(B)** 16 मई को महाराष्ट्र के महाबलेश्वर का मांघर गांव पहला शहद का गांव बन जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग हनी बी परियोजना के हिस्से के रूप में शहद का गांव योजना को लागू करेगा। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगा।



**3. सरकार वर्ष 2024-2025 तक कितने नए घरेलू कार्गो टर्मिनल स्थापित करेगी जो भारत के कार्गो क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ?**

(A) 12 (B) 22
(C) 33 (D) 44

**(C)** सरकार वर्ष 2024-2025 तक 33 नए घरेलू कार्गो टर्मिनल स्थापित करेगी जो भारत के कार्गो क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कार्यक्रम में कार्गो सुधारों के बारे में कहा कि छोटे कार्गो वजन परिवहन के लिए कंपनियों को श्रेणी-2 और 3 शहरों से महानगरों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है ताकि माल ढुलाई में एक करोड़ मीट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।




**4. केंद्र सरकार के अनुसार वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या में कितने प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य रखा है ?**

(A) 10% (B) 32%
(C) 40% (D) 50%

**(D)** केंद्र सरकार के अनुसार वर्ष 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या में 50% प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य रखा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के मुद्दों को हितधारकों के साथ मिलकर निटपने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत ही संवेदनशील मामला है।



**5. प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस योजना पीएम वाणी को किस सार्वजनिक क्षेत्र की मिनी रत्न कंपनी ने शुरू किया है ?**

(A) रेलटेल (हरियाणा) (B) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (हैदराबाद)
(C) BEML लिमिटेड (बेंगलुरू) (D) भारत संचार निगम लिमिटेड BSNL (नई दिल्ली)

**(A)** रेलटेल ने भारत के 22 राज्यों में 2384 वाईफाई हॉटस्पॉट वाले 100 रेलवे स्टेशनों पर अपनी सार्वजनिक वाई फाई सेवाओं के आधार पर प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस योजना शुरू की है। प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) दूरसंचार विभाग का एक कार्यक्रम हैं, इसका उद्देश्य जनता के बीच ब्रॉडबैंड के उपयोग को आसान बनाना है।




MARVELLOUS (A Result Oriented Institute) An Institute for Civil services Examination

**6. हाल ही में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने भारत के पहले खादी उत्कृष्टता केंद्र (Khadi Center of Excellence) का उद्घाटन किया ?**

(A) जम्मू-कश्मीर (B) गांधनीगर
(C) नई दिल्ली (D) जयपुर

**(C)** उद्यम मंत्री नारायण राणे ने नई दिल्ली में पहले खादी उत्कृष्टता केंद्र हब और गांधीनगर, शिलांग, कोलकाता और बेंगलुरू में इसकी उप-शाखाओं का उद्घाटन किया। पहले खादी उत्कृष्टता केंद्र (सीओईके) की स्थापना के लिए पिछले साल केवीआईसी और एनआईएफटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। सीओईके खादी के लिए एक नॉलेज पोर्टल विकसित करेगा।



**7. हाल ही में किस देश में कोरोना का पहला केश मिलने पर लॉकडाउन लगाने का आदेश दिया है ?**

(A) दक्षिण कोरिया (B) उत्तर कोरिया
(C) रूस (D) इनमें से कोई नही

**(B)** हाल ही में उत्तर कोरिया में कोविड-19 के अपने पहले मामले की पुष्टि की है। उत्तर कोरिया ने कोरोना के पहले मामले की पुष्टि के साथ ही देशभर में गंभीर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है। उत्तर कोरिया में कोरोना का जो पहला केस सामने आया है उसके भीतर ओमिक्रॉन वैरिएंट पाया गया है।




**8. हाल ही में राष्ट्रपति ने सेना के कितने जवानों को शौर्य चक्र और परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया ?**

(A) 10 (B) 13
(C) 15 (D) 18

**(B)** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मातृभूमि की रक्षा करने वाले 13 जांबाज शूरवीरों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया। इनमें से छह जवानों को यह सम्मान मरणोपरांत दिए गए। जबकि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त किया। अशोक चक्र और कीर्ति चक्र के बाद शौर्य चक्र भारत का तीसरा सबसे बड़ा शांतिकाल वीरता पुरस्कार है।




**9. आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कौनसे संस्करण की शुरूआत हुई है ?**

(A) 10वें (B) 11वें
(C) 12वें (D) 13वें

**(C)** आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण की शुरूआत इस्तांबुल, तुर्की में हो गई है। इस आयोजन में रिकॉर्ड 93 देशों के 400 से अधिक मुक्केबाज इस वर्ष के आयोजन में भाग लेने के लिए तैयार है, जो इस प्रतिष्ठित आयोजन की 20वीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है।



**10. हाल ही में किस देश को 2022-2024 के लिए एशियाई चुनाव प्राधिकरण संघ के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया ?**

(A) भारत (B) अमेरिका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) श्रीलंका

**(A)** मनीला में कार्यकारी बोर्ड और महासभा की हाल ही में हुई बैठक के दौरान भारत को 2022-24 के लिए एशियाई चुनाव प्राधिकरण संघ के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास की अध्यक्षता में भारत के चुनाव आयोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बैठक में भाग लिया।



# MARVELLOUS
## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES
(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

Since 2011

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**